Name of the place with State and District		Details of Survey and results achieved
KARNATAKA—		
Distt. Raichur	Hutti	In Wandalli block of Hutti area, significant auriferous zones were identified.
Distt. Dharwar	Gadag	Test drilling in Mysore mine and Sangli mine blocks of Gadag is in progress.
Distt. Kolar	Kolar	Exploratory drilling for gold in extension of Kolar gold field did not show encouraging results.
Distt. Shimoga	Honnehatti, Tambadihalli, Shinganamane, Kunderkonda, Palavanahalli	Preliminary surveys did not give promising results.
Distt. Tumkur	Javagondanahalli	Test drilling is recommended.
KERALA—		
Distt. Mallapuram	Kadannamanna	Preliminary surveys did not give encouraging results.

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा काली बाड़ी मार्ग के मकानों की मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि

728. **श्री राम नरेश कुशवाहा** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा काली बाड़ी मार्ग, नयी दिल्ली स्थित जे०, एच० और के० ब्लाकों के मकानों के दरवाजों, खिड़कियों, यदि को मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि आ ब्यौरा क्या है और इस काम पर खर्च किए गए धन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि इन जे०, एच० और के० ब्लाकों के मकानों की खिड़कियों और बालकानी के दरवाजे पिछले दो वर्षों से टूटे पड़े हैं और बार-बार रिपोर्ट करने पर भी उन्हें बदला नहीं गया है और क्या इस प्रयोजन के लिए स्वीकृत धन को दिहाड़ी पर लगाये गए मजदूरों को मजदूरी रूप में व्यय किया जा रहा है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इस मामले की जांच कराने और बिना किसी विलम्ब के टूटे दरवाजों और खिड़कियों को बदलने की व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) और (ख) काली बाड़ी मार्ग, नई दिल्ली के एच० ब्लाक में टाइप–II के 360 क्वार्टरों के दरवाजों एवं खिड़कियों को बदलने के लिए 27,700 रुपये का एक प्राक्कलन मंजूर किया गया था । इस कार्य के सितम्बर में आरम्भ होने तथा दिसम्बर, 1987 के अन्त तक पूर्ण हो जाने की सम्भावना है। कुछ दरवाजों एवं खिड़कियों की विभागीय श्रमिकों के माध्यम से पहले ही मरम्मत कर दी गई है । जे०और के० ब्लाकों में दरवाजों एवं खिड़कियों को बदलने/मरम्मत करने के लिए एक प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है तथा स्वीकृति के लिए इस पर गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा ।

इन ब्लाकों के लिए स्वीकृत धन का किसी अन्य प्रयोजन के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया है ।

(ग) जे०और के०ब्लाकों का विस्तृत सर्वेक्षण पहले ही कर लिया गया है तथा प्राक्कलन तैयार किए जा रहे हैं तथा इस गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा ।